**छत्तीसगढ़ शासन**
**वित्त विभाग**
**मंत्रालय**
**महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर**

क्रमांक 35/वित्त/ब–4/बजट–सम./2021 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 23.4.21

प्रति,

(1) अपर मुख्य सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
मुख्यमंत्री सचिवालय
मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर

(2) सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर

(3) समस्त कोषालय अधिकारी
छत्तीसगढ़

**विषयः– माननीय मुख्यमंत्री जी, माननीय मंत्रीगण एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के माननीय विधायकगण द्वारा अप्रैल माह के वेतन को मुख्यमंत्री राहत कोष में स्वेच्छा से योगदान के संबंध में।**

**———00———**

माननीय मुख्यमंत्रीजी द्वारा कोविड–19 से प्रभावित प्रदेश के जरूरतमंद लोगों की सहायता हेतु दिनांक 13 अप्रैल 2021 को सभी से मुख्यमंत्री सहायता कोष में अंशदान देने की अपील की है। इसके अनुक्रम में माननीय मुख्यमंत्रीजी, मंत्रि–परिषद् के सदस्य सभी माननीय मंत्रीगण तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के माननीय विधायकगण द्वारा अपना अप्रैल माह का संपूर्ण वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा कराने का निर्णय किया गया है।

2. वित्त विभाग द्वारा इस हेतु अप्रैल माह के वेतन की राशि से कटौती कर निम्नानुसार बजट शीर्ष में जमा कराने की सुविधा **सेल्फ डीडीओ ई–पेरोल सॉफ्टवेयर** के Deduction Details के अंतर्गत Relief Fund Deduction में उपलब्ध करायी गयी हैः–

| | |
|---|---|
| मुख्य शीर्ष 8443 | – सिविल जमा राशियां |
| लघु शीर्ष {800} | – अन्य जमा राशियां |
| योजना क्र.(0001) | – मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा |

3. अतः उपरोक्तानुसार अप्रैल माह के वेतन से कटोत्रा सुनिश्चित करते हुए कृपया वेतन देयक तैयार कर कोषालय में प्रस्तुत करने का अनुरोध है।

**(शारदा वर्मा)**
**विशेष सचिव**
**छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग**

पृ.क्र. 36 / वित्त / ब–4 / बजट–सम. / 2021 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 23.4.21

प्रतिलिपिः–

1. राज्यपाल के सचिव, राजभवन, रायपुर
2. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय, रायपुर
3. निज सचिव / निज सहायक, माननीय मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
4. माननीय सदस्य (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस विधायकगण), छत्तीसगढ़ विधानसभा
5. प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), छत्तीसगढ़, रायपुर
6. मुख्य सचिव के उप सचिव, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर
7. संचालक, जनसंपर्क संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर
8. आवासीय आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन, नई दिल्ली
9. राज्य सूचना आयुक्त, नवा रायपुर अटल नगर
10. संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर
11. मुख्य लेखाधिकारी, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर
12. संचालक, शासकीय लेखन सामग्री एवं मुद्रण, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर
13. राज्य सूचना अधिकारी, एन.आई.सी. की ओर प्रेषित कर लेख है कि कृपया **सेल्फ डीडीओ ई–पेरोल** सॉफ्टवेयर में वेतन देयक से किये गये कटोत्रा को लोक लेखा जमा शीर्ष में संपूर्ण राशि का विवरण वित्त विभाग को उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें।
14. वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, इन्द्रावती कोषालय, नवा रायपुर अटल नगर को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त लोक लेखा जमा शीर्ष **(मुख्यमंत्री राहत कोष)** में जमा राशि को एन.आई.सी. के माध्यम से ई–कोष से प्राप्त जमा राशि के विवरण अनुसार आहरित कर बैंकर्स चेक / आरटीजीएस के माध्यम से **मुख्यमंत्री राहत कोष के बैंक खाते में जमा कराएं।**

**विशेष सचिव**

**छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग**